# प्री–बोर्ड परीक्षा – 2021–22
## कक्षा–12 वीं
## विषय–हिन्दी

समय–3 घण्टा पूर्णांक– 80

निर्देश –1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं।
2. प्रश्न क्र. 01 से 05 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। जिनके लिए $1 \times 32 = 32$ अंक निर्धारित हैं।
3. प्रश्न क्र. 06 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। शब्द सीमा 30 शब्द है।
4. प्रश्न क्र. 16 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। शब्द सीमा 75 शब्द है।
5. प्रश्न क्र. 20 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। शब्द सीमा 120 शब्द है।

1 सही विकल्प चुनकर लिखिए – $(1 \times 6 = 6)$

i. 'उषा' का जादू टूटने का कारण है–
अ. सूर्योदय ब. सूर्यास्त
स. ओस द. मंद–मंद हवा

ii. चौके के गीले होने का भावार्थ है–
अ. नए जीवन का उदय ब. वातावरण में नमीं
स. भोजन के लिए तैयार होना द. वातावरण में शुष्कता

iii. 'सिल्वर बैंडिंग' कहानी की मूल संवेदना है–
अ. पीढ़ी का अंतराल ब.पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव
स. जयन्ती द.हाशिए पर धकेले जाते मानवीय मूल्य

iv. विज्ञान के क्षेत्र में काम कर रही भारत की संस्थाएँ हैं–
अ. चार ब.तीन
स. पाँच द.सात

v. ''विभावानुभावव्याभिचारी संयोगात् रस निष्पत्ति'' यह परिभाषा है –
अ. आचार्य विश्वनाथ की ब.आचार्य भरतमुनि की
स. आचार्य भामह की द.आचार्य मम्मट की

vi. 'बात का धनी होना' मुहावरे का अर्थ है–
अ. बहुत पैसे वाला ब.जुबान का पक्का
स. खानदानी द.बातों से कमाई करने वाला

2 रिक्त स्थान में सही विकल्प चुनकर लिखिए – $(1 \times 7 = 7)$

**i.** 'शिरीष का फूल' के रचनाकार............हैं। ( हजारी प्रसाद द्विवेदी / महावीर प्रसाद द्विवेदी )
**ii.** 'बगुलों के पंख' के रचनाकार............हैं।(रघुवीर सहाय / उमाशंकर जोशी)
**iii.** कूटीकरण को..............भी कहते हैं।(एनकोडिंग / ऑउट कोडिंग)
**iv.** आनन्दा की पाठशाला..........से लगती थी।(दस बजे / ग्यारह बजे)
**v.** 'राम मेहनत करता है' यह ...........वाक्य है। (संयुक्त / साधारण)
**vi.** गद्य–पद्य मिश्रित काव्य...... ........कहलाता है। (चम्पू काव्य / मुक्तक काव्य)
**vii.** .............आधुनिक काल के जनक माने जाते हैं। (भारतेन्दु हरिशचन्द्र / महावीर प्रसाद द्विवेदी)

https://www.mpboardonline.com

3 सही जोड़ी मिला कर लिखिए – $(1 \times 6 = 6)$

| "अ" | | "ब" | |
|---|---|---|---|
| i. | फणीश्वर नाथ रेणु | (क) | छ : प्रकार |
| ii. | 'आत्म परिचय' | (ख) | भाषा |
| iii. | 'अतीत के पाँव' | (ग) | शब्द गुण |
| iv. | माधुर्य, ओज व प्रसाद | (घ) | ' पहलवान की ढोलक ' |
| v. | हिन्दी | (ङ) | स्तम्भ लेखन |
| vi. | समाचार लेखन के | (च) | हरिवंश राय बच्चन |
| | | (छ) | यात्रा वृत्तान्त |
| | | (ज) | अभिधा, व्यंजना व लक्षणा |

4 एक वाक्य में उत्तर लिखिए – $(1 \times 7 = 7)$

i. राष्ट्रभाषा से आप क्या समझते हैं ?
ii. कविता का पहला उपकरण क्या है ?
iii. यशोधर बाबू ने मैट्रिक की परीक्षा किस स्कूल से पास की थी ?
iv. "मैं पढ़– लिखकर वकील बनूँगा" अछूतों के लिए कानून बनाऊँगा और छुआछूत को खत्म करूँगा"– कथन किसका है ?
v. कविता पंख लगाकर कहाँ–कहाँ उड़ सकती है ?
vi. राजा ने लुट्टन से क्या कहा ?
vii. दोहे को उल्टा करने से कौन सा छन्द बन जाता है ?

5 सत्य/असत्य लिखिए – $(1 \times 6 = 6)$

i. क्रिया की विशेषता बताने वाले शब्द क्रिया विशेषण होते हैं।
ii. उपसर्ग का प्रयोग शब्द या शब्दांश के पहले होता है।
iii. सिन्धु–घाटी सभ्यता में पत्थर और ताँबे का प्रयोग होता था।
iv. लेखन का आशय यान्त्रिक हस्तकौशल होता है।
v. पाठ 'रूबाइयाँ' व 'गजल' में कवि ने खुद को देश पर न्यौछावर कर दिया है।
vi. 'मेरी कल्पना का आदर्श समाज' पाठ के लेखक बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर हैं।

6 प्रगतिवाद की दो प्रवृत्तियाँ लिखिए। 2

अथवा

छायावाद की दो प्रवृत्तियाँ लिखिए।

7 बच्चे किस बात की आशा में नीड़ों से झाँक रहे होंगे ? 2

अथवा

रचना के सन्दर्भ में 'अंधड़' और 'बीज' क्या हैं ?

8 नाटक एवं एकांकी में कोई दो अन्तर लिखिए। 2

अथवा

कहानी व उपन्यास में कोई दो अन्तर लिखिए ।

9 भक्तिन अपना वास्तविक नाम लोगों से क्यों छुपाती थी। 2

अथवा

पर्चेजिंग पाव से क्या अभिप्राय है ?

https://www.mpboardonline.com

10 'जूझ' कहानी के आधार पर बताइए कि लेखक की माँ ने पाठशाला जाने में लेखक की क्या सहायता की? 2

अथवा

मुअनजो–दड़ों के घरों की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

11 बिम्ब क्या है ?कविता में बिम्ब का क्या कार्य है ? 2

अथवा

फीचर–लेखन से क्या आशय है?

12 अभिधा शब्द शक्ति की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए । 2

अथवा

संचारी भाव किसे कहते हैं ? किन्हीं चार संचारी भावों के नाम लिखिए।

13 सवैया छन्द की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

अथवा

भ्रांतिमान अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

14 भाव पल्लवन कर लिखिए– 2

"मुल्क बदल जाए वतन तो वतन होता है'

अथवा

उपसर्ग एवं प्रत्यय में अंतर लिखते हुए दोनों के एक–एक उदाहरण लिखिए ।

15 निम्निलिखित मुहावरों के अर्थ लिखते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए– 2

1. अपना उल्लू सीधा करना
2. खाक छानना

अथवा

निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कर लिखिए–

1. तनु को शुद्ध गाय का दूध पिलाओ।
2. घर में चाय केवल नाम मात्र को बची है।

16 रघुवीर सहाय *अथवा* कुँवर नारायण की काव्यगत विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए– 3

1. रचनाएँ–कोई दो 2 भाव पक्ष– कला पक्ष

17 हजारी प्रसाद द्विवेदी *अथवा* फणीश्वरनाथ रेणु की साहित्यगत विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए– 3

1 रचनाएँ–कोई दो 2 भाषा–शैली

18 'मेरे सपनों का भारत' शीर्षक पर एक अनुच्छेद लिखिए। 3

अथवा

'जनसंख्या समस्या' शीर्षक पर डॉक्टर तथा नागरिक का संवाद लिखिए।

19 **अपठित गद्यांश/काव्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 3

जो अनगढ़ है जिसमें कोई आकृति नहीं, ऐसे पत्थरों को आकृति प्रदान करना, उसमें कलात्मक संवेदना जगाना और प्राण–प्रतिष्ठा करना ही संस्कृति है। वस्तुतः संस्कृति उन गुणों का समुदाय है, जहाँ अनेक प्रकार की शिक्षा अपने प्रयत्न से मनुष्य प्राप्त करता है। संस्कृति का संबंध मुख्यतः मनुष्य की बुद्धि एवं स्वभाव आदि मनोवृत्ति से है। संक्षेप में सांस्कृतिक विशेषताएँ मनुष्य की मनोवृत्तियों से संबंधित हैं और इन विशेषताओं का अनिवार्य संबंध जीवन के मूल्यों से होता है। ये विशेषताएँ या तो स्वयं में मूल्यवान होती हैं

https://www.mpboardonline.com

अथवा मूल्यों के उत्पादन का साधन । प्रायः व्यक्तित्व में विशेषताएँ साध्य एवं साधन दोनों ही रूपों में अर्थपूर्ण समझी जाती हैं। वस्तुत संस्कृति सामूहिक उल्लास की कलात्मक अभिव्यक्ति है। संस्कृति व्यक्ति की नहीं, समष्टि की अभिव्यक्ति है।

प्रश्न :–

1. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।
2. निष्प्राण पत्थर को कैसे जीवन्त बनाया जा सकता है?
3. व्यक्तित्व में विशेषताएँ कब अर्थपूर्ण समझी जाती हैं ?

अथवा

दे रहे आह्वान तुझको मस्त होकर मेघ काले
उठ रही झंझा प्रबलतम जोर इनका आजमा ले।
शपथ तुझको जो हटाया एक पग भी आज पीछे।
प्राण में भर अटल साहस खेल लें, इनको खिलालें।।
नाश की पटभूमिका पर सृष्टि का कर चित्र अंकित ।
विजय है तेरी सुनिश्चित।

प्रश्न :–

1. उपर्युक्त काव्यांश का शीर्षक लिखिए।
2. कवि सृष्टि का चित्र कहाँ अंकित करना चाहता है ?
3. कवि किसको आजमाने की बात कहता है ?

**20 निम्मिलिखित पद्यांश का सन्दर्भ– प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए–** 4

जोर जबरदस्ती से
बात की चूड़ी मर गई
और वह भाषा में बेकार घूमने लगी !

अथवा

मैं निज रोदन में राग लिए फिरता हूँ,
शीतल वाणी में आग लिए फिरता हूँ,
हो जिस पर भूपों के प्रासाद निछावर,
मैं वह खण्डहर का भाग लिए फिरता हूँ ।।

**21 निम्मिलिखित गद्यांश की सन्दर्भ– प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए–** 4

मैं प्रायः सोचती हूँ कि जब ऐसा बुलावा आ पहुँचेगा,जिसमें न धोती साफ करने का अवकाश रहेगा, न सामान बाँधने का, न भक्तिन को रूकने का अधिकार होगा,न मुझे रोकने का, तब चिर–बिदा के अंतिम क्षणों में यह देहातिन वृद्ध क्या करेगी और मैं क्या करूँगी ? https://www.mpboardonline.com

अथवा

इससे यह तो हो सकता है कि वह चूरन वाला भगत हम लोगों के सामने एकदम नाचीज आदमी हो। लेकिन आप पाठकों की विद्वान श्रेणी का सदस्य होकर भी मैं यह स्वीकार नहीं करना चाहता हूँ कि उस अपदार्थ–प्राणी को वह प्राप्त है जो हममें से बहुत कम को शायद प्राप्त है।

22 अपने जिले के जिलाधीश महोदय को ध्वनि विस्तारक यंत्र पर रोक लगवाने हेतु आवेदन पत्र लिखिए। 4

अथवा

अपने पिताजी को अपनी पढ़ाई के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी पत्र लिखकर प्रेषित कीजिए।

**23 निम्मिलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में निबन्ध लिखिए–** 4

1. मेरे प्रिय लेखक
2. स्वच्छता अभियान
3. सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव
4. कोविड– 19
5. पुस्तकालय : आवश्यकता और महत्त्व

..................................................

https://www.mpboardonline.com